# Press Release

TATA POWER-DDL

**शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024** **तत्काल प्रकाशनार्थ**

**नई दिल्ली**

## टाटा पावर-डीडीएल ने की सस्टेनेबिलिटी जागरूकता पहल - 'ग्रीन वॉरियर्स 2.0' के विजेताओं की घोषणा

- यह पहल 2070 तक नैट जीरो उत्सर्जन तथा 2030 तक बिजली की 50% जरूरतों को अक्षय ऊर्जा स्रोतों से पूरा करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है
- कैम्पेन के तहत्, बड़े तथा छोटे एवं मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) को अपने सस्टेनेबल प्रयासों एवं प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था
- यह कैम्पेन टाटा पावर-डीडीएल की 'ऊर्जा अर्पण' पहल का भी हिस्सा है जो एनर्जी एफिशिएंट प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं के उपयोग के जरिए बिजली की जिम्मेदार और उचित खपत को प्रोत्साहित करता है

नॉर्थ दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने अपनी सस्टेनेबिलिटी पहल - 'ग्रीन वॉरियर्स 2.0' के विजेताओं के नामों की घोषणा की है। 'ग्रीन वॉरियर्स' कैम्पेन के पहले एडिशन ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया और इसे काफी पसंद किया गया।

सस्टेनेबल प्रयासों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, टाटा पावर-डीडीएल का यह प्रयास इसकी 'ऊर्जा अर्पण' पहल से भी जुड़ा है और इसे दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के दौरान संचालित किया गया।

'टूवर्ड्स ए ग्रीनर टुमौरो' के ध्येय के अनुरूप, टाटा पावर-डीडीएल ने छोटे व्यवसायों, स्टार्ट-अप्स तथा कार्पोरेट्स को सस्टेनेबल प्रयासों एवं प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे आने वाले भविष्य को अधिक हरा-भरा बनाने में योगदान कर सकें। कैम्पेन से जुड़ने वाले प्रतिभागियों ने अपनी वीडियो प्रविष्टियों के जरिए, कार्बन फुटप्रिंट को घटाने के मकसद से अपने ब्रैंड के इको-फ्रैंडली और सस्टेनेबल प्रयासों को प्रदर्शित किया। यह पहल 2070 तक नैट जीरो

उत्सर्जन तथा 2030 तक बिजली की 50% जरूरतों को अक्षय ऊर्जा स्रोतों से पूरा करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है।

टाटा पावर-डीडीएल कैम्पेन के विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हैः

| **क्र.सं.** | **कंपनी** | **कैटेगरी** |
|---|---|---|
| 1 | फोर्टिस हैल्थकेयर | टॉप 3 ग्रीन ट्रांज़िशन स्टोरीज़ |
| 2 | बिरयानी बाय किलो | टॉप 3 ग्रीन ट्रांज़िशन स्टोरीज़ |
| 3 | SK-27 जिम | टॉप 3 ग्रीन ट्रांज़िशन स्टोरीज़ |
| 4 | हैलोनिक्स | स्पेशल इनोवेशन |

**कैम्पेन से जुड़े अन्य प्रतिभागीः** जे के फूड इंडस्ट्रीज, न्यूटेक इस्टेब्लिशमेंट्स, एमिल फार्मास्युटिकल्स, प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल, टीएसबी पॉलीकेम प्राइवेट लिमिटेड, सेवा भारती, डॉ मलिक्स ईएनटी सेंटर, ज़ेन इन होटल, सेठ एंटरप्राइजेस, लक्ष्मी एयरकॉन, गुड2गो, पेंटाकेम हैल्थकेयर, मिराज आर्ट गैलरी, ईडन होम कन्सेप्ट, रुक्मिणी देवी जयपुरिया पब्लिक स्कूल।

**विजेताओं को बधाई देते हुए श्रीमती किरण गुप्ता, चीफ - कस्टमर एक्सपीरियंस, कमर्शियल, एवं गवर्नमेंट अफेयर्स, टाटा पावर-डीडीएल ने कहा,** *"हम ग्रीन वॉरियर्स 2.0 पहल को इतने बड़े पैमाने पर मिले उत्साही रिस्पॉन्ल्स तथा ब्रैंड्स की सक्रिय भागीदारी से बेहद उत्साहित हैं। इस पहल के अंतर्गत इतने इनोवेटिव विचारों और प्रयासों को देखकर हमें खुशी हुई। हम सभी प्रतिभागियों के आभारी हैं और उन्हें अधिक सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण के लिए योगदान करने पर बधाई देते हैं।"*

प्रतियोगिता के विजेताओं को ऊर्जा संरक्षण तथा सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतीकात्मक सराहना के तौर पर पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उनके प्रयास अन्य कई लोगों तथा संगठनों के लिए भी प्रेरणा है जो जिम्मेदारी के साथ सस्टेनेबिलटी के सिद्धांतों के साथ-साथ ऊर्जा खपत को प्राथमिकता देते हैं।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | **Slough PR:** |
| --- | --- |
| Sonia Sarin (9910292599) | Abhishek Anand(9711061540) |